तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20.05.2026	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता अपीलांट उपस्थित। मृत्तक रेस्पोडेन्ट संख्या 02 के विधिक वारिसान की तामील अब तक शेष है। अधिवक्ता अपीलार्थी ने आज भी मृत्तक रेस्पोडेन्ट संख्या 02 के विधिक वारिसान की तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया। अधिवक्ता अपीलार्थी ने प्रकरण में दिनांक 28.08.2024 के पश्चात् आदिनांक तक अर्थात् लगभग 01 वर्ष 09 माह की अवधि व्यतीत होने के बाद भी आदिनांक तक मृत्तक रेस्पोडेन्ट संख्या 02 के विधिक वारिसान की तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया। अधिवक्ता अपीलार्थी को नोटिस प्रोसेस पेश करने हेतु पर्याप्त अवसर दिए गए तथा न्यायहित में नोटिस प्रोसेस पेश करने हेतु दिनांक 17.02.2026 को अंतिम अवसर भी दिया जा चुका था उसके बाद भी अधिवक्ता अपीलार्थी के निवेदन पर उन्हें न्यायहित में अंतिम अवसर देने के उपरान्त भी एक अतिरिक्त अवसर ओर प्रदान कर निर्देशित किया गया कि आगामी पेशी पर नोटिस प्रोसेस पेश नहीं करने पर कोई अवसर देय नहीं होकर पत्रावली खारिज कर दी जावेगी फिर भी उनके द्वारा मृत्तक रेस्पोडेन्ट संख्या 02 के विधिक वारिसान की तामील हेतु आज भी नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया है अर्थात् वे अपने प्रकरण के प्रति गम्भीर नहीं है। अतः अब प्रकरण आदेश 09 नियम 05 सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official